राजस्थान सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज0)

## पीठासीन अधिकारी– महेश गगोरिया (आर.ए.एस.)

संख्या : 78 / 2021
दायर : 05.08.2021

**अनवान**

1. केलाराम पिता राजू जाति रेगर निवासी थलखुर्द तहसील माण्डलगढ़।
2. प्यारचन्द पिता राजू जाति रेगर निवासी थलखुर्द तहसील माण्डलगढ़।
3. फोरूलाल पिता राजू जाति रेगर निवासी थलखुर्द तहसील माण्डलगढ़।
4. माधु लाल पिता राजू जाति रेगर निवासी थलखुर्द तहसील माण्डलगढ़।

प्रार्थीगण....

**बनाम**

1. गोपाल पुत्र भैरू जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
2. गोपाली पुत्री धन्ना पत्नि नंदा तेली निवासी बसोली तहसील जहाजपुर।
3. धीसा पुत्र देबी तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
4. धीसी पुत्री धन्ना पत्नि शिवलाल जाति तेली निवासी मानपुरा तहसील माण्डलगढ़।
5. तेनू उर्फ टेनू पुत्र नंदा जाति तेली निवासी थलखुर्द तहसील माण्डलगढ़।
6. दुर्गा पुत्र धन्ना जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
7. नर्बदा पत्नि देबी जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
8. नोजी पत्नि मांगू जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
9. प्रभूलाल पुत्र भैरू जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
10. पानी पत्नि नंदा जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
11. मंजू पुत्री नंदा पत्नि बालूलाल जाति तेली सरसिया तहसील जहाजपुर
12. मदन पुत्र मांगू जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
13. मोहन पुत्र मांगू जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
14. राजी पत्नि धन्ना जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
15. राधा पत्नि भैरू जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
16. लादू पुत्र लक्ष्मण जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
17. लाली पुत्री भैरू पत्नि नारायण जाति तेली निवासी थलकलॉ तहसील माण्डलगढ़।
18. सीताराम पुत्र नंदा जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
19. दुर्गादेवी पत्नि दुर्गालाल जाति तेली निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
20. मोहनी पुत्री देबी पत्नि रतन जाति तेली निवासी गोपालपुरा तहसील माण्डलगढ़।
21. चन्द्रा पुत्र नाना जाति रेगर निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
22. दाखी पत्नि स्व०देवा रेगर निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
23. नीला पुत्री देवा पत्नि खाना रेगर निवासी खोखरा तहसील माण्डलगढ़।
24. काली पत्नि तुलसीराम माता फूमा रेगर निवासी कोदूकोटा तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
25. फोरी पुत्री देवा पत्नि शंकर जाति रेगर निवासी पारोली तहसील कोटड़ी।
26. भैरू पुत्र देवा जाति रेगर निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
27. भूला पुत्री देवा पत्नि पृथ्वीराज रेगर निवासी काछोला तहसील माण्डलगढ़।
28. रुकमा पुत्री नाना पत्नि फता रेगर निवासी पीपलून्द तहसील जहाजपुर ।
29. रामलाल पुत्र देवा जाति रेगर निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
30. हीरा पुत्र नाना जाति रेगर निवासी थलखूर्द तहसील माण्डलगढ़।
31. स्टैंट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा माण्डलगढ जरिए मैनेजर साहब स्टैंट बैक ऑफ इण्डिया माण्डलगढ़।
32. स्टैंट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा धामनिया जरिए मैनेजर साहब स्टैंट बैक ऑफ इण्डिया धामनीया तहसील माण्डलगढ़।
33. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा।

विपक्षीगण....

Mahesh
अधिकारी

राजस्थान सरकार

स्थित :–

1. श्री देवेन्द्र कुमार पोरवाल (अधिवक्ता प्रार्थीगण)

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251–ए (1) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955**

**–: निर्णय :–**

**दिनांक : 08.12.2023**

प्रार्थना पत्र के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा जरिये अधिवक्ता एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251–ए (1) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि यह कि ग्राम थलख़ूर्द पटवार हल्का थलकलॉ तहसील माण्डलगढ़ मे खाता संख्या 86 पर आराजी संख्या 109/2 रकबा 1.1898 हैक्टेयर स्थित हैं प्रार्थीगण अपनी उक्त कृषि भूमि पर आने जाने संजबैल ट्रैक्टर लाने ले जाने हेतु ग्राम थलखूर्द से लक्ष्मीपुरा जाने वाले रोड़ से ग्राम थलखूर्द मे स्थित विपक्षी संख्या 1 से 18 की आराजी संख्या 102 की दक्षिण पूर्वी मेड़ पर होते हुए विपक्षी संख्या 3,5,6,8,10,11,12,13,18,19,20 की खातेदारी आराजी संख्या 106 की दक्षिणी मेर पर होते हुए विपक्षी संख्या 21 से 30 की खातेदारी आराजी संख्या 109/3 की दक्षिणी मेर पर होते हुए पहुँचते है। उक्त रास्ता मोके पर 13 फीट चौड़ा है। प्रार्थीगण उक्त रास्ते का उपयोग उपभोग पिछले 30 वर्षों से विपक्षीगण की सहमति से करते आ रहे थे, परन्तु दिनांक 20.06.2021 को विपक्षीगण ने उक्त रास्ते को बंद कर दिया। प्रार्थीगण ने विपक्षीगण से रास्ता खुलासा करने हेतु निवेदन किया तो विपक्षीगण ने कहा कि उक्त रास्ता हमारी निजी जमीन मे हैं इसलिए अब प्रार्थीगण को इस रास्ते से गुजरने नही देगें। प्रार्थीगण को अपनी जमीन पर पहुँचने हेतु अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता मौजूद नही है। विपक्षीगण द्वारा रास्ता अवरूद्व कर देने के बाद प्रार्थीगण के पास उपरोक्त वर्णित रास्ते को रास्ते के रूप मे दर्ज कराने हेतु न्यायालय श्रीमान् में प्रार्थनापत्र पेश करने के अतिरिक्त अन्य कोई उपचार शेष नही रहा है। विपक्षीगण की रास्ते में जो भी जमीन आयेगी उसका न्यायालय श्रीमान् के आदेशानुसार प्रतिकर प्रार्थीगण अदा करने को तैयार है। रास्ते को प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न नजरी नक्शे मे लाल स्याही से दर्शाया गया है। अतः श्रीमान् से प्रार्थना है कि ग्राम थलखूर्द पटवार हल्का थलकलॉ तहसील माण्डलगढ़ मे स्थित प्रार्थीगण की कृषि भूमि आराजी संख्या 109/2 में आने जाने संजबैल ट्रैक्टर आदि लाने ले जाने हेतु ग्राम थलखूर्द पटवार हल्का थलकलॉ मे स्थित विपक्षीगण की कृषि भूमि आराजी संख्या 102 की दक्षिणी पूर्वी मेड पर एवं आराजी संख्या 106, 109/3 की दक्षिणी मेड़ पर 13 फीट चौड़ा रास्ता दर्ज किए जाने का आदेश प्रदान करावे।

बाद जांच प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगण को नोटिस सम्मन मय नकल प्रार्थना पत्र भेज तलब किया गया। दिनांक 24.07.2023 को प्रार्थी अधिवक्ता ने जरिये रजिस्टर्ड ए.डी. से विपक्षीगण को तलबी हेतु नोटिस प्रेषित किये। दिनांक 30.10.2023 को प्रार्थीगण अधिवक्ता ने विपक्षीगण संख्या 1 से 32 की जरिये रजिस्टर्ड ए.डी. से प्रेषित किये गये नोटिस तामील की ऑनलाईन रिसीप्ट प्रस्तुत की। विपक्षी संख्या 1 से 32 को बारी–बारी से आवाज लगाने के बावजूद कोई उपस्थित नही होने से एकतरफा कार्यवाही के आदेश पारीत किये गये।

दिनांक 16.08.2021 को तहसीलदार माण्डलगढ़ को मौका रिपोर्ट हेतु लिखा गया तहसीलदार माण्डलगढ़ ने उनके पत्र क्रमांक/भू.अ./2021/2864 दिनांक 25.11.2021 तथा राजस्व/2023/1130 दिनांक 08.12.2023 द्वारा रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत कर अवगत करवाया कि प्रकरण में मौका निरीक्षण पक्षकारान की उपस्थिति में किया गया है। यह है कि प्रार्थीगण की ग्राम थलखुर्द की आराजी संख्या 109/2 मे पहुंचने के लिये अप्रार्थी की आराजी संख्या 102, 106, 109/3 मे 13 फीट चौड़े रास्ते की मांग की गयी है। उक्त भूमि पर पहुंचने के एक ओर रास्ता उपलब्ध है जो सरकारी रास्ता आराजी संख्या 156 से प्रारम्भ होकर आराजी संख्या 110 से होकर

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी माण्डलगढ़, जिला-भीलवाड़ा

Mahesh
उपखण्ड अधिकारी
माण्डलगढ

ता है जो न्यूनतम रास्ता है। भूमि पर मांगा गया रास्ता अप्रार्थी की आराजी संख्या 102 मे 0328 हैक्टेयर, आराजी संख्या 106 मे 0.0360 हैक्टेयर व आराजी संख्या 109/3 में 0.0160 हैक्टेयर कुल 0.0848 हैक्टेयर भूमि का रास्ता उपयोग में प्रस्तावित की गयी है। रास्ते हेतु 0.0848 हैक्टेयर भूमि का उपयोग होगा। जिसकी सिंचित भूमि की वर्तमान डी.एल.सी. दर 453928 रुपया प्रति हैक्टेयर से रास्ते हेतु उपयोग में आने वाली भूमि की मालियत राशि 39008 रूपये की दुगुनी राशि अर्थात **प्रतिभूति राशि 78016/– रूपये** (अठहतर हजार सौलह रूपये) बनती है। यह है कि डी.एल.सी. की प्रमाणित प्रति संलग्न है। पक्षकारान को जरिये सूचना पत्र के सूचित किया गया। अप्रार्थी में दुर्गालाल पिता धन्ना तेली, प्रभूलाल पिता भैरु तेली व लादू पिता लक्ष्मण तेली उपस्थित व हस्ताक्षर किये गये ।

दिनांक 08.12.2023 को अधिवक्ता प्रार्थी की एकपक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली में संलग्न दस्तावेज, राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी नक्शा एवं तहसीलदार माण्डलगढ़ से प्राप्त दोनों रिपोर्ट का अवलोकन किया। तहसीलदार माण्डलगढ़ द्वारा अपनी रिपोर्ट में अवगत करवाया गया कि प्रार्थी की आराजी संख्या 109/2 पर पहुँचने के लिए विपक्षीगण की खातेदारी भूमि आराजी संख्या 102, 106 व 109/3 में होते हुये पहुँचता है। अप्रार्थी की आराजी संख्या 102 मे 0.0328 हैक्टेयर, आराजी संख्या 106 मे 0.0360 हैक्टेयर व आराजी संख्या 109/3 में 0.0160 हैक्टेयर कुल रकबा 0.0848 हैक्टेयर अर्थात कुल रकबा 0.0848 हैक्टेयर पर रास्ते के उपयोग हेतु ली जावेगी। रास्ते हेतु 0.0848 हैक्टेयर (13 फीट चौड़ा) भूमि का उपयोग होगा जिसकी वर्तमान डी.एल.सी. दर 453928 रुपया प्रति हैक्टेयर से रास्ते हेतु उपयोग में आने वाली भूमि की मालियत राशि 39008 रूपये की दुगुनी राशि अर्थात **प्रतिभूति राशि 78016/– रूपये** (अठहतर हजार सौलह रूपये) बनती है। बाद अवलोकन एवं मनन पाया गया कि प्रथम दृष्ट्या प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

## निर्णय

अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 की धारा 251–ए (क) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये एवं संशोधित अधिसूचना संख्या F3(2) rev.6/03/pt./7 दिनांक 02.03. 2012 नियम 70 (1)(।।) () के अनुसरण में **प्रार्थीगण केलाराम पिता राजू जाति रेगर निवासी थलखुर्द तहसील माण्डलगढ़ वगैरा की ग्राम थलखुर्द पटवार हल्का थलकलां की आराजी संख्या 109/2 रकबा 1.1898 हैक्टेयर भूमि पर पंहुचने हेतु विपक्षीगण गोपाल पुत्र भैरू जाति तेली निवासी थलखुर्द वगैरा की ग्राम थलखुर्द पटवार हल्का थलकलां के** आराजी संख्या 102 मे 0.0328 हैक्टेयर, आराजी संख्या 106 मे 0.0360 हैक्टेयर व आराजी संख्या 109/3 में 0.0160 हैक्टेयर कुल 0.0848 हैक्टेयर अर्थात कुल रकबा 0.0848 हैक्टेयर **पर रास्ते के उपयोग हेतु ली जावेगी। रास्ते हेतु 0.0848 हैक्टेयर (13 फीट चौड़ा) भूमि का उपयोग होगा जिसकी** वर्तमान डी.एल.सी. दर 453928 रुपया प्रति हैक्टेयर से रास्ते हेतु उपयोग में आने वाली भूमि की मालियत राशि 39008 रूपये की दुगुनी राशि अर्थात **प्रतिभूति राशि 78016/– रूपये** (अठहतर हजार सौलह रूपये) **रुपया प्रार्थीगण द्वारा विपक्षीगण** को अदा किये जाने पर एवं विपक्षीगण द्वारा इन्कार किये जाने की स्थिति में राजकोष में मद 8443–00–103–00–00 प्रतिभूति जमा करवाने पर गै.मु. रास्ता दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। उक्त रास्ता सार्वजनिक प्रयोजनार्थ रास्ता रहेगा। तहसीलदार माण्डलगढ़ को आदेशित किया जाता है कि उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में रास्ता अंकन करावें।

आदेश आज दिनांक **08.12.2023** को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर संख्या से कम हो।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, माण्डलगढ़, जिला भीलवाड़ा

(महेश गगोरिया)
उपखण्ड अधिकारी
माण्डलगढ़

उपखण्ड अधिकारी
माण्डलगढ